# इस बार भी शीतकालीन सत्र में उत्तर कर्नाटक की समस्याओं पर चर्चा पर संदेह?

**बेलगावी/शुभ लाभ ब्यूरो।** सुवर्णा सौधा में शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो गया है और यह सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सदन की लड़ाई का मंच होगा। विपक्षी पार्टियों ने सरकार से लड़ने के लिए अपने जखीरे में कई हथियार रखे हैं। ऐसे में यह सवाल भी खड़ा हो गया है कि क्या इस सत्र में उत्तर कर्नाटक की समस्याओं पर चर्चा का मौका मिलेगा। भाजपा वक्फ मुद्दे को उठाने और चर्चा की इजाजत देने पर जोर देगी। चर्चा के स्टैंड के तहत हंगामा मचने की आशंका है। वक्फ पर चर्चा होने पर यह सिलसिला दो दिन तक चलेगा। बाद में सीएम का जवाब भी अहम होगा। वक्फ मुद्दे के साथ-साथ बल्लारी में मातृ मृत्यु का मामला भी सदन में शोर मचाएगा।



बल्लारी में 5 मातृ मृत्यु दर्ज की गई है। ऐसे में विपक्षी दल सदन में बहस के दौरान इस मुद्दे को उच्च प्राथमिकता देंगे। भाजपा और जेडीएस बेलगावी सत्र में उत्पाद शुल्क विभाग के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों सहित सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप उठाकर सत्तारूढ़ दल को शर्मिंदा करने की रणनीति बना रही है। इस मौके पर विपक्षी दल राज्य में कानून-व्यवस्था खराब होने का मुद्दा उठाते हुए सदन में सरकार के खिलाफ हमला बोलने की तैयारी में हैं। इसमें बेलगावी जिले में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के बढ़ते मामले भी शामिल होंगे। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए सरकार से पूछा जाएगा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति कैसे बिगड़ रही है। विधायक सुनील कुमार राज्य में विधायकों को पिछले दो साल से अनुदान जारी नहीं होने को लेकर नियम 69 के तहत विधानसभा में प्रस्ताव उठायेंगे। बेलगावी सत्र का मूल उद्देश्य उत्तरी कर्नाटक पर चर्चा करना था। उत्तर कर्नाटक में किसानों और आम लोगों की समस्याओं पर सदन में चर्चा होनी चाहिए। इस हिस्से के विधायकों की यही मांग है कि बेलगावी सत्र सार्थक हो। लेकिन वार्षिक सत्र में उत्तर कर्नाटक के मुद्दों पर चर्चा का मौका आखिरी वक्त में है। पिछली बार भी आखिरी दो दिन उत्तरी कर्नाटक चर्चा के लिए आरक्षित थे। लेकिन सत्र के आखिरी सदन में ज्यादा उत्साह नहीं दिख रहा है। इस संबंध में मांग है कि शुरुआत में उत्तरी कर्नाटक के बारे में चर्चा होनी चाहिए। क्या इस बार भी मौका मिलेगा? इसे देखा जाना बाकी है।

# आचार्य श्री महाश्रमणजी के दर्शन वंदन का लिया लाभ

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** साध्वी श्री सिद्ध प्रभा जी की पावन प्रेरणा से तेरापंथ युवक परिषद् विजयनगर के 54 सदस्यीय गुरुदर्शनार्थ संघ ने युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के गुजरात में दर्शन कर सेवा का लाभ लिया। गुरुदेव के 10 किलोमीटर से अधिक विहार में भरूच से लवारा तक विहार सेवा की।



गुरुदेव की दोपहर की सेवा में अभातेयुप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमित सेठिया की उपस्थिति रही। संघ सदस्यों ने गुरुदेव, साध्वी प्रमुखा जी, मुख्य मुनि प्रवर, साध्वी वर्या जी, मुनि श्री दिनेश कुमार जी, तेयुप के आध्यात्मिक पर्यवेक्षक मुनि योगेश कुमार जी एवं चारित्र आत्माओं के दर्शन सेवा का लाभ लिया एवं प्रेरणा पाथेय प्राप्त किया। परिषद् अध्यक्ष कमलेश चोपड़ा के नेतृत्व में तीन दिवसीय गुरुदर्शनार्थ संघ 6 दिसंबर को रवाना हुआ और 8 दिसंबर को गुरुदर्शन किए।

इस अवसर पर विजय स्वर संगम टीम ने गीतिका के माध्यम से गुरुदेव के समक्ष आशीष दिराए सर हाथ रखाये गीत की प्रस्तुति की। अध्यक्ष कमलेश चोपड़ा ने अपनी एवं परिषद की भावना गुरुदेव की समक्ष रखी। संयोजक राकेश पोखरणा ने भाव्यक्ति प्रस्तुत की। गुरुदेव के समक्ष सहयोग प्रदाता परिवार मनोहर लाल, राकेश, मुकेश, दर्शन, चिरायु एवं समस्त बाबेल परिवार का सम्मान किया गया। तेयुप प्रबंध मंडल से विकास बांठिया, अशोक मारू, पवन बैद, कमलेश दक, अमित नाहटा, पंकज कोचर, संघ यात्रा कार्यकारी टीम से श्रेयांस गोलछा, उत्तम बागरेचा, देवांग बैंद एवं सदस्यों का अथक श्रम लगा। परिषद् के पूर्व अध्यक्ष राकेश दूधौड़िया, अशोक कोठारी, दिनेश मरोठी, महावीर टेबा, श्रेयांस गोलछा, परामर्शक राकेश शामसुखा, दीपक भूरा, आलोक गंग, आयाम सलाहकार मनोज बरडिया की सहभागिता रही। तेयुप मंत्री संजय भटेवरा ने संचालन किया।

# सीरवी महासभा कर्नाटक ट्रस्ट की आमसभा आयोजित



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** सीरवी समाज महासभा कर्नाटक ट्रस्ट की आम बैठक बलेपेट बडेर भवन में संपन्न हुई, जिसमें समाज के नियम एवं उपनियमों पर विचार विमर्श एवं समाज की जनगणना कराने का निर्णय लिया गया।

महासभा के अध्यक्ष बाबूलाल परिहार ने स्वागत किया। महासचिव अमरचंद सानपुरा ने समाज की एकता बनाए रखने एवं समाज को नई ऊंचाई पर ले जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज में जागरूकता लाने के लिए समाज की जनगणना, समाज को एक प्लेटफार्म पर लाना और समाज में नियमों और उपनियमों पर चर्चा करना एक महत्वपूर्ण कदम है। यह न केवल समाज की वर्तमान स्थिति को समझने में मदद करेगा, बल्कि यह समाज के विकास और प्रगति के लिए एक मजबूत आधार भी प्रदान करेगा। जनगणना के लिए सॉफ्टवेयर कंपनी के तहत आईजी इंफोरेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की स्थापना करना एक अच्छा निर्णय है। यह कंपनी जनगणना के लिए आवश्यक सॉफ्टवेयर और तकनीकी सहायता प्रदान करेगी, जिससे जनगणना की प्रक्रिया में सुधार होगा और यह अधिक प्रभावी और कुशल बनेगी। इस अवसर पर महासभा के उपाध्यक्ष थानाराम गहलोत, कैलास बर्फा, सह-सचिव सेराराम आगलेचा, कोषाध्यक्ष पोकरराम राठौड़, होसकोटे जोन के प्रभारी ढगलाराम बर्फा, पारसमल काग, हीरालाल चोयल, संतोष कुमार सोलंकी, भंवरलाल आगलेचा, नारायणलाल सोलंकी, हनुमानराम बर्फा आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन अमरचंद सानपुरा ने किया।

# प्रवासी सैणचा भगत परिवार कर्नाटक होसूर की आम सभा आयोजित

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** सैणचा (भगत) परिवार कर्नाटक होसूर का दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित करने के मद्देनजर रविवार को सीरवी समाज बलेपेट वडेर में आम सभा आयोजित की गई। संस्था के अध्यक्ष मोहनलाल सैणचा ने स्वागत किया। संस्था के सचिव वेनाराम सैणचा ने बताया कि कर्नाटक व होसूर में बसे सैणचा (भगत) परिवारों को एक सूत्र में पिरोने एवं उनमें आपसी परिचय को बढ़ाने के उद्देश्य से स्नेह मिलन आयोजित होगा।

उन्होंने कहा कि स्नेह मिलन में सभी वर्ग के बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता व मनोरंजन खेल का आयोजन भी होगा। 7वीं से लेकर 12वीं कक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक



हासिल करने वाले प्रतिभाओं का मोमेंटो द्वारा सम्मान किया जाएगा।

बैठक में 7 सदस्यों की कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें अमराराम सैणचा, जेठाराम सैणचा, थानाराम सैणचा, सुरेश सैणचा, शेषाराम सैणचा, उमाराम सैणचा, पारसमल सैणचा को चुना गया। कोषाध्यक्ष वचनाराम सैणचा ने लेखा जोखा प्रस्तुत किया। सभा में भामाशाओं ने बोलीयां भी बोली। स्नेह मिलन सामोरह में बोली लेने वाले भामाशाओं का सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर उमेद राम सैणचा, लुम्बाराम सैणचा होसूर, नेमाराम सैणचा नलमंगला, टी रमेश सैणचा, जिवाराम सैणचा, चेन-राम सैणचा, महेंद्र सैणचा, भंवरलाल सैणचा सहित सैणचा भगत परिवार के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



*__बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।__ श्री पंचमुखी गेल्लेयरा बल्लगा शिवानंद नगर मुडलपाल्या द्वारा नगर देवता श्री अण्णाम्मा देवी का 26वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। विशिष्ट अतिथि महेंद्र मुणोत ने देवी मां के दर्शन कर आशीर्वाद लिया एवं जरूरतमंद बच्चों में शिक्षण सामग्री वितरित की। साथ ही अन्नदान कार्यक्रम में सेवा प्रदान की। आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया।*



*__बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।__ फ्रेंड्स क्रिएशंस द्वारा बसवेश्वरा नगर स्थित फ्लोरेंस खेल मैदान में क्रिकेट खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए अपने वक्तव्य में कहा जो फिट रहता है वो जीवन के हर क्षेत्र में हिट रहता है। फिट रहने के लिए खेलकूद एवं व्यायाम अति आवश्यक है। आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया।*

# युवक ने बेटी के सामने प्रेमिका की हत्या कर शव झील में फेंका

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** चिकमगलूरु जिले में एक व्यक्ति को 2.5 वर्षीय बेटी के सामने अपनी प्रेमिका की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी 28 वर्षीय चिरंजीवी ने 26 वर्षीय विवाहित महिला और दो बच्चों की मां तृप्ति की हत्या गुस्से में आकर कर दी, क्योंकि उसने उनके रिश्ते को जारी रखने से इनकार कर दिया था। यह घटना तब हुई जब चिरंजीवी अपने गांव में तृप्ति के घर गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि तृप्ति, जो अपनी बेटी के साथ घर पर थी, को चिरंजीवी ने टकराव के दौरान चाकू मार दिया। इसके बाद उसने कथित तौर पर उसके शव को उसके घर से सिर्फ 500 मीटर दूर एक झील में फेंक दिया। शव कुछ घंटों बाद बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, दोनों ने शुरुआत में इंस्टाग्राम पर संपर्क किया था और विवाहेतर संबंध शुरू कर दिए थे। तीन महीने पहले तृप्ति अपने पति और बच्चों को छोड़कर चिरंजीवी के साथ भाग गई थी। हालांकि, उसके पति द्वारा दर्ज कराई गई गुमशुदगी की शिकायत के बाद, पुलिस ने जोड़े का पता लगाया और उन्हें वापस गांव ले आई। इसके बाद, तृप्ति ने कथित तौर पर अपने पति के साथ सुलह करने की इच्छा व्यक्त की, जिससे पुलिस ने चिरंजीवी को उसके साथ सभी संपर्क बंद करने की चेतावनी जारी की। हालांकि, चिरंजीवी ने उससे संपर्क करने का प्रयास जारी रखा, लेकिन तृप्ति ने लगभग दो महीने तक उसका फोन नहीं उठाया। निराश और क्रोधित होकर, उसने उससे भिड़ने का फैसला किया, जिससे यह दुखद घटना हुई। जांच के लिए आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। एक अन्य घटना में, 50 वर्षीय व्यक्ति को अपनी पत्नी की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया, क्योंकि उसने उसके साथ सोने की उसकी मांग को अस्वीकार कर दिया था। कलबुर्गी जिले के सेदम तालुका के बटगेरा गांव निवासी शेकप्पा ने रविवार को एक तीखी बहस के दौरान कथित तौर पर अपनी पत्नी नागम्मा की हत्या कर दी। इसके बाद, शेकप्पा ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्हें भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (हत्या) के तहत गिरफ्तार किया गया है।

# मुडा घोटाला मामला : क्या हमें फांसी लगा लेनी चाहिए: बिरथी सुरेश

**बेलगावी/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक के शहरी विकास मंत्री बिरथी सुरेश ने मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) मामले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा लोकायुक्त को लिखे गए पत्र पर नाराजगी जताते हुए सोमवार को कहा कि क्या हमें फांसी लगा लेनी चाहिए। पिछले सत्र के दौरान मुडा मामले के संबंध में आरोप लगाए जाने के बाद, हमने मामले की जांच के लिए सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति पी.एन. देसाई के नेतृत्व में एक समिति बनाई थी। मामले की जांच अदालत भी कर रही है। हम और क्या कर सकते हैं? क्या हमें फांसी लगा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मुडा मामले में लोकायुक्त को पत्र क्यों लिखना चाहिए? अगर ईडी पत्र लिख रहा है, तो अदालत में सुनवाई क्यों होनी चाहिए? ईडी अदालत नहीं है। ईडी ने अपनी राय दे दी है। उनकी राय पर अदालत विचार करेगी। मंत्री ने कहा कि मामला मंगलवार को अदालत के समक्ष आने वाला है और मुख्य न्यायाधीश एन.वी. अंजारिया की



अध्यक्षता वाली डबल डिवीजन बेंच इस मामले पर विचार कर रही है। उन्होंने दावा किया कि सभी कारकों पर विचार करने के बाद निर्णय लिया जाएगा। इस देश में न्यायिक प्रणाली जीवित है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और जेडी-एस के नेता दावा करते हैं कि किसानों के पास मुद्दे हैं और उत्तरी कर्नाटक क्षेत्र में संकट है। उन्होंने कहा वे यह भी आर-ोप लगाते हैं कि कोई विकास कार्य नहीं हो रहा है। सरकार का ध्यान आकर्षित करने के बजाय वे तुच्छ राजनीति में लिप्त हैं। उन्हें राजनीतिक कारणों से की जाने वाली इन चीजों को रोकना चाहिए और विकास पर और राज्य के हितों से संबंधित मुद्दों को हल करने की दिशा में सत्र में चर्चा करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को सरकार को रचनात्मक सलाह देनी चाहिए। सरकार किसी भी बहस के लिए तैयार है। उन्होंने कहा अगर विपक्ष रचनात्मक मुद्दे उठाता है और सरकार को पहल करने के लिए मार्गदर्शन करता है, तो हम इसका स्वागत करेंगे। मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने आरोप लगाया था कि कर्नाटक उच्च न्यायालय की सुनवाई से एक दिन पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा लोकायुक्त को लिखे गए पत्र का उद्देश्य न्यायपालिका को प्रभावित करना था। सिद्धरामैया मुडा मामले में मुख्य आरोपी हैं। उनकी पत्नी पार्वती को दूसरे आरोपी के रूप में नामित किया गया है। मंत्री सुरेश पर हेलीकॉप्टर से मैसूरु शहर जाने और सिद्धरामैया के परिवार को कथित अवैध साइट आवंटन से संबंधित मुडा मामले से संबंधित सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों को ले जाने और उन्हें जलाने का आरोप है। उच्च न्यायालय ने लोकायुक्त को 24 दिसंबर तक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

# जैन समाज स्वाभिमान, ईमानदारी का दूसरा नाम: विजयेंद्र



**बेलगावी/शुभ लाभ ब्यूरो।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने सोमवार को बेलगावी में अखिल जैन अल्पसंख्यक संघर्ष समिति द्वारा आयोजित जैन सम्मेलन स्थल का दौरा किया। समिति ने विजयेंद्र को ज्ञापन सौंपकर जैन विकास निगम की स्थापना करने और हर साल 200 करोड़ का अनुदान देने, जिन जिलों में जैन आबादी अधिक है, वहां अल्पसंख्यक छात्रावासों में 2 छात्रावास जैन छात्रों के लिए आरक्षित करने की मांग की। बातचीत के दौरान विजयेन्द्र ने कहा कि मैं जैनियों की विभिन्न मांगों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करूंगा। विजयेंद्र ने कहा कि वह सत्र में ये विचार रखेंगे और उन्हें लागू करने का प्रयास करेंगे। विजयेंद्र ने इस बात की सराहना की कि जैन समाज स्वाभिमान और ईमानदारी का दूसरा नाम है। इस मौके पर जैन मुनि और समाज के प्रमुख सदस्य मौजूद थे।

# वित्त विभाग की मंजूरी के बाद अतिथि व्याख्याताओं के वेतन में होगा संशोधन: शिक्षा मंत्री

**बेलगावी/शुभ लाभ ब्यूरो।** स्कूली शिक्षा और साक्षरता मंत्री मधु बंगारप्पा ने विधान परिषद में कहा कि वित्त विभाग से मंजूरी मिलने के बाद अतिथि व्याख्याताओं का वेतन संशोधित किया जाएगा। प्रश्नोत्तरी सत्र के दौरान भाजपा के धनंजय सरजी द्वारा उठाए गए एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि अतिथि व्याख्याता राज्य के



प्राथमिक, उच्च विद्यालय और स्नातक कॉलेजों में ड्यूटी पर हैं। वेतन पुनरीक्षण 2022 में किया गया था। उन्होंने कहा कि पहले जब इसे संशोधन के लिए वित्त विभाग के पास भेजा गया था तो उसे वापस भेज दिया गया था।

शिक्षकों को मानदेय के अलावा कोई अन्य पारिश्रमिक नहीं दिया जा रहा है। सदस्य धनंजय सरजी ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि वे एक सुरक्षा गार्ड जितना भी वेतन नहीं पा रहे हैं। फिर वे अपना परिवार कैसे चलाएंगे। मेरे संज्ञान में आया है कि दो साल से वेतन पुनरीक्षण नहीं हुआ है। जिसके बाद शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया कि वे पुनरीक्षण के लिए अपील करेंगे।

# शीतकालीन सत्र का विरोध करने पर एमईएस के नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया

**बेलगावी/शुभ लाभ ब्यूरो।** शहर की पुलिस ने सोमवार को यहां सुवर्ण विधान सौधा में आयोजित राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र का विरोध करने के लिए संभाजी सर्किल आए महाराष्ट्र एकीकरण समिति के नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया।

पुलिस ने एमईएस को महामेला आयोजित करने से रोकने के लिए




व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की थी। एमईएस के कार्यकारी अध्यक्ष मनोहर किनेकर और कोषाध्यक्ष प्रकाश मार्गले सहित एमईएस के कार्यकर्ताओं को रामलिंगखिंड गली स्थित कार्यालय से हिरासत में लिया गया।

बाद में, महाराष्ट्र के समर्थन में नारे लगाते हुए जत्थों में पहुंचे इसके कार्यकर्ताओं को संभाजी सर्किल पर हिरासत में लिया गया। संभाजी सर्किल पर तनावपूर्ण स्थिति बनी रही, क्योंकि एमईएस कार्यकर्ता नारे लगाते हुए बीच में आ गए।

कर्नाटक शीतकालीन सत्र

# सीएम ने 1924 के कांग्रेस अधिवेशन की शताब्दी मनाने के लिए गांधी लोगो का किया अनावरण

**बेलगावी/शुभ लाभ ब्यूरो।** सीएम सिद्धरामैया ने सोमवार को बेलगावी के सुवर्ण सौधा में महात्मा गांधी की अध्यक्षता में कांग्रेस के 1924 के बेलगावी अधिवेशन की शताब्दी मनाने के लिए लोगो का अनावरण करके कर्नाटक विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के पहले दिन की शुरुआत की। इस आयोजन को मनाने के लिए गठित और सीएम की अध्यक्षता वाली एक उत्सव समिति आने वाले पूरे साल गांधी भारत के बैनर तले कार्यक्रम आयोजित करेगी। सीमावर्ती शहर में कांग्रेस अधिवेशन के मील के पत्थर वर्ष को चिह्नित करने के लिए एक विशेष डाक टिकट जारी करने की भी योजना है। सिद्धरामैया ने देश की पहली संसद अनुभव मंतपा की एक बड़ी तेल पेंटिंग का भी अनावरण किया।





अनुभव मंतपा बसवा कल्याण में 12वीं सदी का एक आध्यात्मिक केंद्र था जहां राजनीतिक समेत अन्य चर्चाएं होती थीं। सीएम सिद्धरामैया डीसीएम डी.के. शिवकुमार, स्पीकर यू.टी. खादर और अन्य मंत्रियों के साथ बेलगावी के सुवर्ण सौधा में कर्नाटक विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के पहले दिन अनुभव मंतपा की एक विशाल तेल पेंटिंग फहराई। 200 वर्ग फुट की छवि आध्यात्मिक केंद्र की है जैसा कि कलाकारों के एक समूह ने कल्पना की थी। इसमें संत अल्लामा प्रभु, मंडप के अध्यक्ष, श्री बसवेश्वर, अक्का महादेवी, मदारा चन्नय्या, अंबिगरा चौदैया, सिद्धरामेश्वर और मडिवाला माचिदेवा और 12वीं शताब्दी के अन्य प्रमुख शरणों को एक एनिमेटेड चर्चा के बीच में दर्शाया गया है। कलाकारों के समूह, जिसमें सिद्धपुर से सतीश राव, श्रीकांत हेगड़े, अशोक यू., रूपा एम.आर., वीरन्ना मदीवालप्पा बबली और महेश निंगप्पा शामिल थे, को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

## उपचुनाव में निर्वाचित नये विधायकों ने शपथ ग्रहण की

**बेलगावी/शुभ लाभ ब्यूरो।** विधानसभा उपचुनाव में निर्वाचित कांग्रेस के तीन नए सदस्यों ने सोमवार को बेलगावी के शीतकालीन सत्र में शपथ ली। बेलगावी के शीतकालीन सत्र के पहले दिन वंदे मातरम के गायन के साथ कार्यवाही शुरू हुई। स्पीकर यूटी खादर ने संविधान के प्रस्ताव का प्रचार किया। सदन के सभी सदस्य खड़े हो गए और विधानसभा उपचुनाव में चुने गए नए सदस्यों को शपथ लेने की अनुमति दे दी। संदूर निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित अन्नपूर्णा तुकाराम ने भगवान के नाम पर, शिग्गांव निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित पठान यासिर खान अहमद खान ने भगवान, पिता और माता और



संविधान के नाम पर, चन्नपट्टना निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित सीपी योगेश्वर ने भगवान के नाम पर शपथ ली। पठान ने संविधान की प्रति हाथ में लेकर शपथ लेकर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। चेयरमैन ने नए सदस्यों को एक छोटा सा उपहार देकर सम्मानित किया। सदन में कई वरिष्ठ सदस्यों ने न सिर्फ उन्हें गर्मजोशी से बधाई दी, बल्कि टेबल बजाकर उनका स्वागत भी किया। स्पीकर ने कहा विधानसभा चुनाव खत्म हो चुके हैं। उन्होंने विकास पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया और सभी सदस्यों से इस कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से भाग लेने का अनुरोध किया।

## हम सदन में वक्फ का मुद्दा उठाएंगे: सीटी रवि

**बेलगावी/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक विधानसभा का दो सप्ताह लंबा शीतकालीन सत्र सोमवार को शुरू होने पर भाजपा नेता सीटी रवि ने कहा कि उनकी पार्टी सदन में वक्फ का मुद्दा उठाएगी। उन्होंने कहा कि हजारों एकड़ जमीन गलत तरीके से जब्त की जा रही है।

सीटी रवि ने कहा वक्फ मुद्दे जैसे कई मुद्दे हैं। हम इस पर चर्चा करेंगे क्योंकि हजारों एकड़ जमीन गलत तरीके से जब्त की जा रही है। भ्रष्टाचार, स्वास्थ्य सेवा जैसे मुद्दे भी सत्र में उठाए जाएंगे। हम उत्तर कर्नाटक के मुद्दों को प्राथमिकता देंगे और जनता के मुद्दे उठाएंगे। भाजपा ने राज्य में कई विरोध प्रदर्शन किए हैं, जिसमें आरोप लगाया गया है कि किसानों की जमीन वक्फ संपत्ति के रूप में हड़पी जा रही है।



किसानों के विरोध के कारण राज्य सरकार को किसानों को भेजे गए नोटिस वापस लेने पड़े और नौकरशाही को राज्य में वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण हटाने के लिए कोई नया नोटिस जारी न करने का निर्देश देना पड़ा। इस बीच, कर्नाटक के मंत्री दिनेश गुंडू राव ने विपक्ष से सदन को सुचारू रूप से चलाने में सरकार का सहयोग करने का आग्रह किया। गुंडू राव ने कहा कई मुद्दे, कई विधेयक हैं जिन पर चर्चा होगी। लोगों के मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए। विधायकों को विरोध नहीं करना चाहिए या सदन की कार्यवाही में बाधा नहीं डालनी चाहिए। विपक्ष को सहयोग करना चाहिए। सत्र में पांच विधेयक, तीन निजी विधेयक और विधानसभा में पेश किए जा रहे दो अध्यादेशों के प्रतिस्थापन विधेयक पर विचार किया जाएगा। वक्फ मुद्दे के अलावा, विपक्ष द्वारा मुख्यमंत्री सिद्धरामैया की पत्नी को 14 स्थल आवंटित करने में मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाए जाने की उम्मीद है। हालांकि, सत्तारूढ़ कांग्रेस हाल ही में हुए उपचुनावों में तीनों विधानसभा क्षेत्रों, चन्नपट्टना, संदूर और शिग्गांव में अपनी जीत के मद्देनजर अधिक आश्वस्त है। रविवार को मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने कहा कि कांग्रेस की जीत भाजपा को एक कड़ा संदेश देती है, जिसने झूठे मामलों और दुष्प्रचार के माध्यम से उनकी छवि को धूमिल करने के प्रयास विफल कर दिए हैं। सिद्धरामैया ने कहा यह जीत साबित करती है कि लोग हमारे साथ खड़े हैं। जब तक मुझे उनका आशीर्वाद है, कोई भी साजिश मुझे हिला नहीं सकती। कर्नाटक में भाजपा के इतिहास पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा भाजपा कर्नाटक में कभी भी अपने दम पर सत्ता में नहीं आई है। उन्होंने हमेशा ऑपरेशन कमल पर भरोसा किया है, विधायकों को खरीदा है और सिस्टम में हेरफेर किया है। यह पैसा कहां से आया? उन्हें इसका जवाब देना चाहिए। वक्फ मुद्दे सहित भ्रष्टाचार के आरोपों पर सिद्धरामैया ने मोदी पर निराधार दावे करने का आरोप लगाया। महाराष्ट्र में मोदी के भाषण का जिक्र करते हुए, जिसमें उन्होंने 700 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था, सिद्धरामैया ने कहा मैंने मोदी को इसे साबित करने या राजनीति से संन्यास लेने की चुनौती दी। जैसी कि उम्मीद थी, उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

## बेलगावी शीतकालीन सत्र में वक्फ और मातृ मृत्यु का मुद्दा उठाएगी भाजपा: अशोक

**बेलगावी/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक भाजपा ने सोमवार को घोषणा की कि वह सोमवार से शुरू हुए विधानसभा के शीतकालीन सत्र में राज्य भर में वक्फ विवाद और मातृ मृत्यु के मुद्दों को उठाएगी। विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने मीडिया से बात करते हुए कहा बेलगावी शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो रहा है। सत्र के दौरान, हम वक्फ विवाद और राज्य में मेडिकल माफिया के कारण हो रही मातृ मृत्यु के मुद्दों को उठाएंगे। सरकार में विभागों पर कोई नियंत्रण नहीं है। लापरवाही के कारण पांच से छह मातृ मृत्यु की सूचना मिली है और सैकड़ों नवजात शिशुओं की मौत हो गई है। अकेले बेलगावी में 325 नवजात शिशुओं की मौत हो गई है। मैंने कल बेलगावी अस्पताल का दौरा किया और पार्टी के नेताओं ने अस्पताल का दौरा किया। अशोक ने कहा प्रसव के बाद माताएं मर रही हैं और मुख्यमंत्री ने राज्य के मामलों पर अपना पूरा नियंत्रण खो दिया है। सभी सरकारी विभागों में त्रासदी हो रही है। अशोक ने कहा सरकार ने कोई




विकास कार्य नहीं किया है। 17 महीने के शासन में कांग्रेस सरकार मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) घोटाला, आदिवासी कल्याण घोटाला, शराब घोटाला और मेडिकल लॉबी के कारण मातृ मृत्यु सहित कई घोटालों में फंसी हुई है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से कोई विकास कार्य नहीं हो रहा है। अशोक ने कहा सरकार ने वक्फ बोर्ड विवाद भी खड़ा किया है। अपने पूरे कार्यकाल के दौरान सरकार किसी न किसी विवाद में उलझी रही है। मुख्यमंत्री सिद्धरामैया जो दूसरी बार मुख्यमंत्री हैं, शासन चलाने में विफल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सिद्धरामैया खुद मुडा मामले में फंसे हुए हैं और जांच का सामना कर रहे हैं। सरकार गहरी नींद में सो रही है। उन्होंने आलोचना करते हुए कहा कोई भी मंत्री अपने निर्वाचन क्षेत्रों में शिकायत बैठकें नहीं कर रहा है। उन्हें केवल पैसा कमाने में रुचि है। वे केवल गुरुवार को विधान सौधा में जाते हैं और इसके अलावा वे कभी वहां जाने की जहमत नहीं उठाते। सत्र में राशन कार्ड और बीपीएल कार्ड रद्द करने, 700 करोड़ रुपये के शराब घोटाले का मुद्दा भी उठाया जाएगा। अशोक ने कहा कि उत्तर कर्नाटक क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकार के वादों और क्रियान्वयन पर सवाल उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने दावा किया था कि वे उत्तर कर्नाटक की धरती को सोने की धरती बना देंगे। उनका यह बयान एक मजाक निकला। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी सिंचाई परियोजना के लिए कोई पैसा नहीं बचा है। अशोक ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के नेतृत्व वाली सरकार राज्य के इतिहास की सबसे खराब सरकार है।

## हिंदुओं को सनातन धर्म की रक्षा के लिए होना चाहिए प्रतिबद्ध : आरएसएस प्रमुख

**उडुपी/शुभ लाभ ब्यूरो।** आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत ने इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक हिंदू को सनातन धर्म के संरक्षण, पोषण और प्रचार-प्रसार के लिए अपनी प्रतिबद्धता में अडिग रहना चाहिए। उन्होंने धार्मिक नेताओं और संतों से आध्यात्मिक मूल्यों और राष्ट्रीय आदर्शों को बनाए रखने में समाज का अधिक प्रभावी ढंग से मार्गदर्शन करने का आग्रह किया। वे उडुपी मठ के गीता मंदिर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे।

भगवद गीता की शिक्षाओं का जिक्र करते हुए भागवत ने कहा भगवान कृष्ण ने अर्जुन को चुनौतियों का सामना करने और उनसे भागने की सलाह नहीं दी, चाहे वह युद्ध हो या कोई अन्य स्थिति। इसी तरह, भगवद गीता, जब आम लोगों के लिए सुलभ



भाषा में प्रस्तुत की जाती है, तो समाज के लिए मार्गदर्शक शक्ति के रूप में काम कर सकती है। इससे पहले भागवत ने उडुपी में कृष्ण मठ का दौरा किया और भगवान कृष्ण की पूजा की। कार्यक्रम के दौरान पर्याय पुट्टीगे मठ के महंत सुगुनेंद्र तीर्थ स्वामीजी ने मोहन भागवत को हिंदू सम्राट की उपाधि से सम्मानित किया और सनातन धर्म की रक्षा में उनके योगदान को मान्यता देते हुए उन्हें श्री कृष्ण गीतानुग्रह पुरस्कार से सम्मानित किया। सुगुनेंद्र तीर्थ स्वामीजी ने अपने संबोधन में सनातन धर्म की पहचान को बनाए रखने में आरएसएस के योगदान की सराहना की, क्योंकि संगठन अपनी शताब्दी के करीब पहुंच रहा है। उन्होंने कहा आरएसएस के बिना, हिंदुओं को देश में और भी बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता। हेडगेवार से लेकर भागवत तक, संगठन के सभी नेताओं ने अपने राष्ट्रवादी समर्पण और बलिदान के जीवन से अनगिनत लोगों को प्रेरित किया है। मुकुंद, मठ के दीवान एम नागराज आचार्य और अन्य जैसे वरिष्ठ आरएसएस नेता मौजूद थे। मोहन भागवत का मठ के प्रवेश द्वार पर पारंपरिक तरीके से संगीत वाद्ययंत्रों, चेंडे प्रदर्शन और वैदिक मंत्रों के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

### कांग्रेस पार्टी की शिवमोग्गा जिला इकाई का आरोप

## भाजपा के शासन में आश्रय योजना के तहत कई भाजपा, आरएसएस समर्थकों को मिले घर

**शिवमोग्गा/शुभ लाभ ब्यूरो।** कांग्रेस पार्टी की शिवमोग्गा जिला इकाई ने आरोप लगाया है कि कर्नाटक में आश्रय आवास योजना के तहत कई अपात्र आवेदकों को घर आवंटित किए गए हैं। यहां सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आर प्रसन्ना कुमार ने आरोप लगाया कि जिन लोगों को घर मिले हैं, उनमें से कई भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ता हैं। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, प्रसन्ना कुमार ने कहा भाजपा के शासन के दौरान, उस पार्टी के कई समर्थकों को गरीब लोगों के लिए बने घर मिले। कर्नाटक सरकार को ऐसे अपात्र लाभार्थियों की पहचान करनी चाहिए और उनसे घर छीनने चाहिए। उन्हें वास्तविक आवेदकों को आवंटित किया जाना चाहिए। हमने आवास मंत्री के समक्ष भी यह याचिका दायर की है।

शिवमोग्गा के गोविंदपुरा में आवास आवंटन के लिए लाभार्थियों का चयन करने के लिए बुलाई गई बैठक को रद्द करने के शिवमोग्गा विधायक एस.एन. चन्नबसप्पा के आरोपों का जिक्र करते हुए प्रसन्न कुमार ने कहा कि विधायक आवास आवंटन की जल्दी में हैं, जबकि इलाके में बुनियादी सुविधाएं भी नहीं हैं। विधायक ने लॉटरी के जरिए 652



लाभार्थियों का चयन करने के लिए बैठक बुलाई थी। उन्होंने आवेदकों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया था। प्रसन्न कुमार ने पूछा जिन आवासों को आवंटित किया जाना है, उनमें न तो बिजली की आपूर्ति है और न ही पीने के पानी की सुविधा है। आवासों तक पहुंचने का रास्ता भी तैयार नहीं है। बुनियादी सुविधाएं पूरी किए बिना आवास आवंटित करने की क्या जरूरत थी। इसके अलावा, कांग्रेस नेता ने कहा कि बैठक प्रोटोकॉल का पालन किए बिना बुलाई गई थी। जिले के प्रभारी मंत्री को इसकी जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने कहा जिले के प्रभारी मंत्री को आमंत्रित किए बिना आप लाभार्थियों का चयन कैसे कर सकते हैं? हमने नगर निगम के आयुक्त के साथ अपनी चिंताओं और आपत्तियों को साझा किया था। प्रसन्न कुमार ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने आवास मंत्री बीजेड जमीर अहमद खान पर दबाव बनाया था कि वे लेआउट में सड़कें और अन्य बुनियादी सुविधाएँ सुनिश्चित करने के लिए धन जारी करें। उन्होंने कहा जिन लाभार्थियों को पहले घर आवंटित किए गए थे, उनमें से कई सुविधाओं की कमी के कारण उनमें नहीं रह पाए हैं। इसलिए, निगम को चल रहे काम को पूरा करने के बाद ही लाभार्थियों को अंतिम रूप देना चाहिए।

# राज्य में 20 प्रतिशत अयोग्य लोगों के पास हैं राशन कार्ड : मंत्री मुनियप्पा

**बेलगावी/शुभ लाभ ब्यूरो।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों के मंत्री केएच मुनियप्पा ने घोषणा की है कि राज्य में 20 प्रतिशत अयोग्य लोगों के पास राशन कार्ड हैं और बीपीएल राशन कार्डों को संशोधित करने में समय लगेगा। विधान परिषद के प्रश्नोत्तरी सत्र के दौरान जेडीएस के केएस थिप्पेस्वामी के एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि जिन लोगों को एपीएल राशन कार्ड मिलना था, उनमें से 20 फीसदी को बीपीएल कार्ड मिल गया है। ऐसे अपात्रों को सूची से हटाने का प्रस्ताव होने से असमंजस की स्थिति पैदा हो गई। इसलिए अस्थायी रूप से हम रुक गए। उन्होंने कहा कि वे ग्राम



पंचायत से होबली स्तर तक जानकारी प्राप्त करेंगे और इसमें संशोधन करेंगे। राशन कार्ड को लेकर 20 साल से भ्रम की स्थिति है। जब सभी राजनीतिक दल सत्ता में आएंगे तो राशन कार्ड पाने वाले लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि होगी। कांग्रेस, बीजेपी, जेडीएस ये नहीं कहते। जो लोग वास्तविक लाभार्थी हैं उनके राशन कार्ड रद्द न करने की 20 साल पुरानी समस्या को हल करने की बात आने पर भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है। मुनियप्पा ने अनुरोध किया कि पार्टी संबद्धता की परवाह किए बिना सभी को इसमें सहयोग करना चाहिए। केंद्र सरकार ने खुद दिशानिर्देश जारी किए हैं कि 1.20 लाख से अधिक प्रति व्यक्ति आय वाले लोग बीपीएल कार्ड के लिए अयोग्य हैं। एपीएल से बीपीएल में स्थानांतरित होने पर कुछ भ्रम होता है।

उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को बीपीएल कार्ड मिला है। हमने अब इसे रद्द करने का काम शुरू कर दिया है। राज्य में अंत्योदय अन्न योजना में 10 लाख 80 हजार 688 राशन कार्ड हैं और 43,66,756 लाभार्थी हैं। एनएफएसए में से 1,02,84,000 कार्ड (36,17,772 लाभार्थी), प्राथमिकता राशन कार्ड 14,74,582 कार्ड (38,71,596 लाभार्थी) है। कुल प्राथमिकता वाले राशन कार्ड 1,28,39,230 (4,42,56,124 लाभार्थी) गैर प्राथमिकता वाले राशन कार्ड 2525418 (लाभार्थी 8645628) है। उन्होंने बताया कि कुल राशन कार्ड 1,53,64,648 (5,29,01,752 लाभार्थी) हैं। प्रति राशन कार्ड 35 किलोग्राम खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रत्येक सदस्य को 21 किग्रा चावल, 14 किग्रा बाजरा एवं मक्का और 5 किग्रा खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। क्षेत्रीय खाद्य प्रणाली के अनुसार वर्तमान में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत खरीदा जाने वाला 3 किग्रा चावल एवं 2 किग्रा बाजरा/मक्का वितरित किया जा रहा है।

# घोटालेबाजों ने युवक के नाम पर 4.7 लाख का लिया लोन

**मैसूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** एक और साइबर अपराध मामले में, मैसूरु के एक युवक ने आरोप लगाया है कि धोखेबाजों ने उसे 4.7 लाख का लोन लेने के नाम पर धोखा दिया और उसे 24 घंटे तक डिजिटल गिरफ्तारी में रखा। एक रिपोर्ट के अनुसार, पीड़ित ने साइबर अपराध, आर्थिक अपराध और नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है, क्योंकि वित्तीय कंपनी उस लोन के लिए इएमआई भुगतान की मांग कर रही है। जिसे उसने जानबूझकर कभी नहीं लिया। यह परेशानी तब शुरू हुई जब युवक को अधिकारियों के रूप में खुद को पेश करने वाले व्यक्तियों से एक कॉल आया। उन्होंने उस पर अपने सिम कार्ड




के माध्यम से अवैध गतिविधियों से जुड़े होने का झूठा आरोप लगाया और उसे गैर-जमानती अपराध सहित आसन्न कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए, उन्होंने उसे एक संचार ऐप डाउनलोड करने और एक तथाकथित वरिष्ठ अधिकारी से जुड़ने का निर्देश दिया। घोटालेबाजों ने सत्यापन के बहाने उसे अपने बैंक खाते का विवरण साझा करने के लिए राजी किया। इसके तुरंत बाद, उसके खाते में 4.7 लाख जमा किए गए, लेकिन धोखेबाजों ने तुरंत ही उसे निकाल लिया। इस दौरान, उसे कथित तौर पर डिजिटल गिरफ्तारी में रखा गया, जिससे वह अपने फोन को स्वतंत्र रूप से एक्सेस करने या मदद मांगने में असमर्थ हो गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि 24 घंटे की अवधि के बाद ही उसे एहसास हुआ कि घोटालेबाजों ने उसके नाम पर एक वित्तीय सेवा प्रदाता से ऋण लिया था। चौंकाने वाली बात यह है कि कंपनी ने तब से इएमआई भुगतान की मांग करते हुए नोटिस जारी किए हैं, जिससे युवक परेशान है।

### कनकपुरा सड़क यातायात को आसान बनाने के लिए

# बीबीएमपी ने 1,200 करोड़ रुपये के फ्लाईओवर का रखा प्रस्ताव



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** बृहत बेंगलूरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) ने बेंगलूरु में यातायात से प्रभावित मुख्य मार्ग कनकपुरा रोड पर भीड़भाड़ कम करने के लिए 10 किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर का प्रस्ताव रखा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस परियोजना की अनुमानित लागत 1,200 करोड़ रुपये है। यह परियोजना बनशंकरी को नाइस रोड जंक्शन से जोड़ेगी, जिससे यात्रियों को भारी भीड़भाड़ वाले कनकपुरा मार्ग का विकल्प मिलेगा। यह परियोजना 17 ऐसे ही फ्लाईओवरों वाली एक व्यापक पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य बेंगलूरु की पुरानी यातायात चुनौतियों का समाधान करना है। इस पहल को उपमुख्यमंत्री और बेंगलूरु विकास मंत्री डीके शिवकुमार आगे बढ़ा रहे हैं, जो कनकपुरा विधानसभा क्षेत्र का भी प्रतिनिधित्व करते हैं। बीबीएमपी ने फ्लाईओवर के लिए एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करना शुरू कर दिया है, जिसे कनकपुरा रोड के समानांतर चलने वाली बीडब्ल्यूएसएसबी कावेरी पाइपलाइन रोड पर बनाया जाएगा। सड़क के किनारे मेट्रो कॉरिडोर द्वारा उत्पन्न बढ़ते यातायात और बाधाओं का हवाला देते हुए, शिवकुमार ने बीबीएमपी को वैकल्पिक समाधान तलाशने का निर्देश दिया। रिपोर्ट के अनुसार चूंकि मेट्रो रेल इस सड़क से होकर गुजरती है, इसलिए ग्रेड सेपरेटर बनाना मुश्किल है। इसलिए, वैकल्पिक व्यवस्था करना आवश्यक है। कावेरी पाइपलाइन रोड, जो बेंगलूरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) सहित सरकारी एजेंसियों के स्वामित्व वाली भूमि से होकर गुजरती है, को इस परियोजना के लिए पहचाना गया है। हालांकि, सड़क की असमान चौड़ाई और पानी की पाइपलाइनों की निकटता जैसी चुनौतियों का समाधान करना होगा।

# सरकार की गैरजिम्मेदारी से हुई मातृ मृत्युः विजयेंद्र





**बेलगावी/शुभ लाभ ब्यूरो।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बी.वाई.विजयेंद्र ने आरोप लगाया है कि मातृ मृत्यु में राज्य सरकार की गैरजिम्मेदारी नजर आ रही है। बेल-गावी में अस्पताल का दौरा कर पीड़ितों से मुलाकात के बाद मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा हम यहां सच्चाई जानने आये हैं। अस्पताल दौरे में राजनीति का कोई सवाल ही नहीं है। आज गरीबों के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम इस पर सदन में चर्चा करेंगे। प्रभारी मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने इन मौतों की परवाह नहीं की। उन्होंने कहा कि हम इस गैरजिम्मेदारी की ओर इस बात को ध्यान में रखकर ध्यान दिलाएंगे कि सरकार को इस पर पूरा ध्यान देना चाहिए। विधान परिषद में विपक्ष के नेता चलवाडी नारायणस्वामी ने कहा कि मातृ मृत्यु को लेकर राज्य भर में भ्रम का माहौल है।

उन्होंने कहा कि हम ऐसी स्थिति देख रहे हैं जहां अस्पताल शवगृह बनते जा रहे हैं। उन्होंने ऐसी स्थिति के लिए कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार बताया। कांग्रेसियों का ध्यान भ्रष्टाचार पर है और अस्पतालों पर कोई नियंत्रण नहीं है। उन्होंने बताया कि कई जगहों पर खराब दवाएं खरीदने और इस्तेमाल करने के कारण ऐसी भयानक घटनाएं हुई हैं। इसी वजह से प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र, डॉ. अश्वथनारायण, शशिकला जोले, हेमलता नाइक सहित हम सभी ने यहां का दौरा किया है। उन्होंने कहा कि वह डॉक्टर से वास्तविक स्थिति जानेंगे।

# कोविड अनियमितताओं पर न्यायमूर्ति की अनुशंसा के अनुसार करेंगे कार्रवाईः गुंडूराव



**बेलगावी/शुभ लाभ ब्यूरो।** स्वास्थ्य और परिवार विभाग के मंत्री दिनेश गुंडूराव ने कहा कि राज्य सरकार कोविड के दौरान तालुक और मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में ऑक्सीजन संयंत्रों की अवैध स्थापना के संबंध में सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति माइकल कुन्हा आयोग की रिपोर्ट की सिफारिश के अनुसार कानूनी कार्रवाई करेगी। विधान परिषद के प्रश्नोत्तरी सत्र के दौरान विधान परिषद सदस्य डॉ. यतींद्र ने कहा कि कोविड के मामले में कितने ऑक्सीजन प्लांट लगाए गए हैं। उन्होंने इसकी क्षमता पर सवाल उठाया। जिसके बाद मंत्री ने कहा तालुक और मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में अब तक 243 ऑक्सीजन प्लांट लगाए जा चुके हैं। इसमें पीएम केयर 50, एमओपीएनजी 51, राज्य प्रबंधन 40, पीएसआर 110, जिला प्रबंधन 1, रेलवे बोर्ड 3, कोयला विभाग 6, विदेश प्रबंधन 2 समेत 243 ऑक्सीजन प्लांट कार्यरत हैं। कोविड से पहले राज्य में कोई सीएफए ऑक्सीजन संयंत्र नहीं थे। प्लेटफार्म के अनुसार सिलेंडर के माध्यम से ऑक्सीजन की आपूर्ति की गई। कोविड लहर के दौरान 243 ऑक्सीजन प्लांट लगाए गए हैं। कोविड के दौरान ऑक्सीजन की सबसे अधिक मांग थी। इन दिनों ऑक्सीजन की ज्यादा मांग नहीं है। सुनने में आया था कि कोरोना के दौरान मेडिकल उपकरणों की खरीद में जमकर फर्जीवाड़ा हुआ है। इस प्रकार, सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश माइकल कुन्हा के नेतृत्व में एक आयोग का गठन किया गया। आयोग ने सरकार को एक रिपोर्ट सौंपी है और इसमें पता चला है कि कई खामियां हुई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार आयोग की अनुशंसा के अनुरूप दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। जिसके बाद यतींद्र ने कहा कोडागु, मैसूरु सहित कुछ जिलों में ऑक्सीजन की आपूर्ति नहीं की गई है। इसमें बहुत दुरुपयोग हुआ है। उन्होंने सरकार से इस संबंध में कार्रवाई करने का अनुरोध किया।

# मातृ मृत्यु पर राजनीति न करें विपक्षी दलः गुंडू राव



**बेलगावी/शुभ लाभ ब्यूरो।** स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडूराव ने कहा कि हर साल अस्पताल में मातृ मृत्यु होती है। लेकिन किसी को राजनीतिक मंशा से नहीं बोलना चाहिए। बेलगावी में शीतकालीन सत्र में हिस्सा लेने से पहले बोलते हुए उन्होंने कहा कि सत्र में मातृ मृत्यु के मुद्दे पर गंभीरता से चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा, हम इसका जवाब देंगे, हम मौत के तथ्यों पर चर्चा करेंगे। इसका कोई चिकित्सीय कारण नहीं है। इसी को ध्यान में रखते हुए विपक्ष को राजनीतिक मकसद से बात नहीं करनी चाहिए। व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए काफी काम किया जा रहा है। बेलगावी सत्र में मातृ मृत्यु के बारे में जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा मैं सदन में चर्चा करूंगा कि क्या सरकार मेडिकल माफिया की चपेट में है। हमें स्वास्थ्य विभाग की बात करनी चाहिए। बल्लारी अस्पताल में मातृ मृत्यु से हम बेहद चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अब इस आलोचना पर भी जाग गई है कि सरकारी अस्पतालों में ठीक से इलाज नहीं हो रहा है और गरीब लोग सरकारी अस्पताल में आने से डरते हैं, जबकि ऐसा नहीं है। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों व स्टाफ की कमी है। आने वाले दिनों में नियुक्तियां की जाएंगी। पैरामेडिकल स्टाफ की कमी है। उनकी भी नियुक्ति की जाएगी।

# आरक्षण संघर्ष के लिए पंचमसाली को रहेगा पूर्ण समर्थनः विजयेंद्र

**बेलगावी/शुभ लाभ ब्यूरो।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेन्द्र ने सोमवार को जयमृत्युंजय स्वामीजी से मुलाकात की। उन्होंने स्वामीजी को पिछले कुछ वर्षों से लगातार चल रहे पंचमसाली आरक्षण संघर्ष को पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सीसी पाटिल, पूर्व डीसीएम डॉ. अश्वथ नारायण, शैलेन्द्र बेलदाले, शरणु सालगर समेत पार्टी के अन्य नेता भी मौजूद थे। पत्रकारों से वार्ता में विजयेन्द्र ने कहा कि मैंने स्वामीजी से एक और प्रार्थना की। उन्होंने बताया कि कुछ व्यक्तिगत कारणों से वह लगातार यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा पंचमसाली संघर्ष का समर्थन नहीं करते हैं। पहले जब भाजपा की सरकार थी और येदियुरप्पा मुख्यमंत्री थे, तब पंचमसाली समाज को 3बी



आरक्षण दिया गया था। उन्होंने कहा कि 3बी दर्जे के कारण ही यह दावा करना संभव है कि समाज को 2ए दर्जा दिया जाना चाहिए। हम इस संघर्ष का समर्थन नहीं करते, येदियुरप्पा विरोध करते हैं, ऐसा कहना उचित नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सच्चाई से बहुत दूर है। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस गलत राय को अनुमति न देने का अनुरोध किया है।

जिसके बाद स्वामीजी ने कहा बहुत सारी गलतफहमियाँ थीं। कांग्रेस सरकार आने के बाद हमारे संघर्ष को दबाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछली किसी भी सरकार ने, यहां तक कि जब येदियुरप्पा मुख्यमंत्री थे, तब भी हमारे समाज पर ऐसा अत्याचार नहीं किया था। कांग्रेस सरकार आने के बाद अत्याचार हो रहे हैं। लड़ाई को दबाया जा रहा है। निःसंदेह आप सभी को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि हम भी पूरा सहयोग एवं समर्थन प्रदान करेंगे।

# महिला के साथ यौन उत्पीड़न कर किया ब्लैकमेल

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** यहां एक निजी अस्पताल में काम करने वाली 26 वर्षीय महिला का उसके पुरुष मित्र ने कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया, जिसने उसे नशीला पदार्थ दिया और बाद में यौन संबंधों की मांग करते हुए निजी वीडियो के जरिए उसे ब्लैकमेल किया। पुलिस ने सोमवार को कहा कि उसने उस पर जातिवादी गालियों से उसे अपमानित करने का भी आरोप लगाया। यह घटना तब सामने आई जब महिला ने हाई ग्राउंड्स पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उसके बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ बलात्कार, यौन उत्पीड़न, आपराधिक धमकी और महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि आरोपी पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत भी आरोप लगाए गए हैं। अपनी शिकायत के अनुसार, महिला ने आरोप लगाया कि वह 2019 में एक क्रेडिट कार्ड कंपनी में काम करने के दौरान आरोपी से मिली थी। उसने दावा किया कि वह शराब पीने के बाद बेहोश हो गई, जिसके बाद वह उसे एक कमरे में ले गया, उसका यौन उत्पीड़न किया और इस कृत्य को रिकॉर्ड कर लिया। उसने आगे आरोप लगाया कि उसने यौन संबंधों के लिए उसे ब्लैकमेल करने के लिए वीडियो का इस्तेमाल किया। हालाँकि उसने उसके उत्पीड़न से बचने के लिए नौकरी बदल ली, लेकिन वह उसे धमकाता रहा और कहता रहा कि अगर वह नहीं मानी तो वह वीडियो सार्वजनिक कर देगा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि महिला ने यह भी आरोप लगाया कि जब उसने उसकी मांगों पर आपत्ति जताई तो उसने उसे जातिवादी गालियाँ देकर अपमानित किया और इसके बजाय उससे शादी करने के लिए कहा। शिकायत के आधार पर हमने मामला दर्ज कर लिया है। सभी आरोपों की गहन जाँच की जा रही है। हालाँकि, चूँकि कथित घटना, महिला के बयान के अनुसार, आरटी नगर में हुई थी, इसलिए मामले को संबंधित क्षेत्राधिकार में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

# गैस टैंकर से हाइड्रोक्लोरिक एसिड का रिसाव

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** एनएच 66 पर कोटेकर उचिला में एक गैस टैंकर से तकनीकी खराबी के कारण हाइड्रोक्लोरिक एसिड लीक हो गया। उल्लाल और मेंगलूरु पुलिस मौके पर मौजूद रही। स्थिति को संभालने के लिए एमआरपीएल और अग्निशमन



सेवाओं की टीमें भी मौके पर पहुंची। कारवार से कोच्चि जा रहे गैस टैंकर के ड्राइवर ने गैस लीक को देखा और तुरंत वाहन रोक दिया। एसिड लीक के कारण आस-पास के निवासियों को सांस लेने में दिक्कत होने की संभावना है। एमआरपीएल की टीम समस्या का समाधान करने के लिए पहुंची। हाईवे पर यातायात सामान्य रूप से जारी रहा और स्थानीय लोगों या वाहन चालकों को कोई विशेष निर्देश जारी नहीं किए गए।

